# अध्याय 4

# शब्द निर्माण और व्यवस्थिकरण

किसी अर्थपूर्ण शब्द के अक्षरों का प्रयोग करते हुए कोई नया शब्द बनाने या कुछ अव्यवस्थित अक्षरों को किसी निश्चित क्रम में लगाकर कोई अर्थपूर्ण शब्द बनाने की प्रक्रिया 'शब्द निर्माण' तथा अंग्रेजी शब्दों को शब्दकोश के आधार पर एक व्यवस्थित क्रम में लगाने की प्रक्रिया ''अंग्रेजी शब्दों का शब्दाकोषानुसार क्रम कहलाती है। इस अध्याय के प्रश्नों को पूछे जाने का मुख्य उद्देश्य अंग्रेजी शब्दकोष से सम्बन्धित ज्ञान को मोटे तौर पर परखना होता है।

## शब्द निर्माण

*शब्द निर्माण पर आधारित प्रायः निम्न चार प्रकार के प्रश्न पूछे जाते हैं*

1. अर्थपूर्ण शब्द के अक्षरों से शब्द निर्माण
2. अर्थपूर्ण शब्द के अक्षरों से शब्द न बनना
3. अव्यवस्थित अक्षरों से अर्थपूर्ण शब्द निर्माण
4. दिए गए शब्दों में एक अक्षर लगाकर या हटाकर नए शब्दों का निर्माण करना

### अर्थपूर्ण शब्द के अक्षरों से शब्द निर्माण

इस प्रकार के प्रश्नों के अन्तर्गत एक अर्थपूर्ण शब्द दिया जाता है। इसी अर्थपूर्ण शब्द के अक्षरों का प्रयोग करते हुए, दिए गए विकल्पों में से वह शब्द चुनना होता है, जो इनका प्रयोग करके बनाया जा सकता है।

**उदाहरण 1** निम्नलिखित विकल्पों में से वह शब्द चुनिए जो दिए गए शब्द के अक्षरों का प्रयोग करके बनाया जा सकता है।

ESTABLISHMENT

(a) ESTEEMED (b) ESTIMATE
(c) TABULAR (d) ASTONISH

***हल (b)*** शब्द 'ESTIMATE' को दिए गए शब्द के अक्षरों के प्रयोग से बनाया जा सकता है।

### अर्थपूर्ण शब्द के अक्षरों से शब्द न बनना

इस प्रकार के प्रश्नों के अन्तर्गत एक अर्थपूर्ण शब्द दिया जाता है। इसी अर्थपूर्ण शब्द के अक्षरों का प्रयोग करते हुए, दिए गए विकल्पों में से वह शब्द चुनना होता है, जो इनका प्रयोग करके नहीं बनाया जा सकता है।

**उदाहरण 2** निम्नलिखित विकल्पों में से वह शब्द चुनिए, जो दिए गए शब्द के अक्षरों का प्रयोग करके नहीं बनाया जा सकता।

ECCENTRICITY

(a) NIECE (b) CREATE
(c) TRINITY (d) RETICENT

***हल (b)*** दिए गए ECCENTRICITY के अक्षरों के प्रयोग से शब्द CREATE नहीं बनाया जा सकता, क्योंकि दिए गए शब्द के अक्षरों में अक्षर A अनुपस्थित है।

### अव्यवस्थित अक्षरों से अर्थपूर्ण शब्द निर्माण

इस प्रकार के प्रश्नों के अन्तर्गत एक अर्थविहीन शब्द दिया जाता है। परीक्षार्थी को इसी अर्थविहीन शब्द के अक्षरों का प्रयोग करते हुए, दिए गए विकल्पों में से वह अर्थगत शब्द चुनना होता है, जो इन सभी अक्षरों का प्रयोग करके बनाया जा सकता हो।

**उदाहरण 3** निम्नलिखित अव्यवस्थित शब्दों में से कौन-सा शब्द जानवर नहीं है?

(a) LATHPEEN (b) TAR
(c) FEFEOC (d) TICRECK

***हल (c)*** अव्यवस्थित शब्दों को व्यवस्थित करने पर,

LATHPEEN ⇒ ELEPHANT, TAR ⇒ RAT
FEFEOC ⇒ COFFEE,
TICRECK ⇒ CRICKET

∴ विकल्प (c) अभीष्ट उत्तर होगा।

### दिए गए शब्दों में एक अक्षर लगाकर या हटाकर नए शब्दों का निर्माण करना

इस प्रकार के प्रश्नों के अन्तर्गत कुछ ऐसे शब्द दिए गए होते हैं जिन शब्दों में एक अक्षर हटाकर या लगाकर नए शब्दों का निर्माण किया जा सकता है। उत्तर के रूप में आपको वही अक्षर चुनना होता है जिसे दिए गए शब्दों में लगाकर या हटाकर नए शब्द बनते हैं।

**उदाहरण 4** पूरी तरह से नए शब्द बनाने के लिए निम्नलिखित शब्दों में से कौन-सा एक अक्षर हटाया जा सकता है?

HOST POST COST LOST STOP

(a) O (b) P (c) T (d) S

***हल (d)*** HOST ⇒ HOT, POST ⇒ POT
COST ⇒ COT, LOST ⇒ LOT
STOP ⇒ TOP

∴ अभीष्ट अक्षर = S

### अंग्रेजी शब्दों का शब्दकोषानुसार व्यवस्थिकरण

इस प्रकार के प्रश्नों के अन्तर्गत अंग्रेजी भाषा के कुछ शब्द दिए गए होते हैं जिन्हें शब्दकोश के अनुसार व्यवस्थित करना होता है।

**उदाहरण 5** निम्नलिखित शब्दों को शब्दकोश में आने वाले क्रम के अनुसार लिखें।

1. Ropped 2. Roster 3. Roasted 4. Road 5. Roller

(a) 35412 (b) 45312 (c) 34512 (d) 43512

***हल (d)*** शब्दकोश के अनुसार शब्दों का सार्थक क्रम निम्नवत् होगा।

Road → Roasted → Roller → Ropped → Roster
4 3 5 1 2
⇒ 43512

# अभ्यास के लिए प्रश्न

## अर्थपूर्ण शब्द के अक्षरों से शब्द निर्माण

**निर्देश** (प्र.सं. 1-5) *निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में बड़े अक्षरों में एक शब्द दिया गया है, जिसके पश्चात् चार शब्द उत्तर के रूप में दिए गए हैं। दिए गए अक्षरों का प्रयोग कर केवल एक ही विकल्प ऐसा है जो दिए गए शब्द से बनाया जा सकता है। उस विकल्प को ज्ञात कीजिए।*

**1.** REMEMBERING
(a) NEGRO (b) AGREE
(c) RAIN (d) GREEN

**2.** ARISTOCRATIC
(a) CREATION (b) STATIC
(c) SECRET (d) ARREST

**3.** CORRESPONDING
(a) DISCERN (b) RESPONSE
(c) REPENT (d) CORRECT

**4.** ENVIRONMENT
(a) EMINENT (b) ENTRANCE
(c) ENTERTAIN (d) MOVEMENT

**5.** BLANDISHMENT
(a) BOARD (b) METAL
(c) SHAPE (d) CRASH

## अर्थपूर्ण शब्द के अक्षरों से शब्द न बनना

**निर्देश** (प्र.सं. 6-10) *नीचे दिए गए प्रश्नों में एक शब्द दिया गया है, जिसके नीचे चार उत्तर विकल्प दिए गए हैं। निम्नलिखित विकल्पों में से वह शब्द चुनिए, जो प्रश्न में दिए गए शब्द के अक्षरों से नहीं बनाया जा सकता है।*

**6.** FICTITIOUSLY
(a) FICTION (b) FICOUS
(c) COUSILY (d) LIOUS

**7.** GEOGRAPHICAL
(a) GEOGRAPH (b) GEOGRAM
(c) GRAPH (d) PHICAL

**8.** INVIGILATE
(a) INVITE (b) LATE
(c) VIGATE (d) NOVEL

**9.** LEMONADE
(a) MONAD (b) LEMON
(c) ADMON (d) ADLAMB

**10.** MISBEHAVIOUR
(a) HAVOUR (b) BEMIS
(c) HAVVIOUR (d) BEHAVIOUR

## अव्यवस्थित अक्षरों से शब्द निर्माण

**11.** कुछ अक्षरों के समूह दिए गए हैं। इनमें से प्रत्येक अक्षर को एक कूट अंक दिया गया है। इन अक्षरों को इस तरह से व्यवस्थित करें कि उससे एक अर्थपूर्ण शब्द बन जाए और उससे उपलब्ध कूट को दिए हुए विकल्पों में से दर्शाएँ।

R A H K S
1 2 3 4 5

(a) 5, 1, 2, 3, 4 (b) 5, 4, 2, 1, 3
(c) 5, 3, 2, 1, 4 (d) 5, 3, 1, 2, 4

**12.** दिए गए शब्द में प्रत्येक अक्षर की संख्या प्रत्येक विकल्प में दी गई है सही विकल्प से चुनिए।

COMMISSION

(a) $C_1O_2M_2I_2S_2N_1$ (b) $C_1O_1M_2I_2S_2N_1$
(c) $C_2O_2M_2I_2S_2N_1$ (d) $C_1O_2M_2I_2S_2N_2$

**13.** नीचे दिए गए अव्यवस्थित शब्दों को अर्थपूर्ण क्रम में व्यवस्थित करने पर उसका अन्तिम अक्षर कौन-सा होगा, यदि दिया गया शब्द किसी खेल से सम्बन्धित है?

NABMODINT

(a) D (b) I (c) O (d) N

**14.** एक अर्थपूर्ण शब्द जिसका प्रारम्भ A से है शब्द CONTRACT के पहले, दूसरे, चौथे, पाँचवें और छठे अक्षरों से बनाया गया है बताएँ कि उस शब्द के मध्य का अक्षर कौन-सा होगा?
(a) C (b) O (c) R (d) T

**15.** नीचे अक्षरों का एक समूह दिया गया है, जिसे 1, 2, 3, 4, 5 तथा 6 के रूप में संख्यांकित किया गया है। उसके नीचे दी गई संख्याओं का संयोजन करते हुए चार विकल्प दिए गए हैं जिनमें कोई एक विकल्प दिए गए शब्दों के अर्थपूर्ण क्रम में व्यवस्थित करने के अनुरूप दिया गया है, उस विकल्प को ज्ञात करें।

E T C K O P
1 2 3 4 5 6

(a) 4, 1, 2, 3, 5, 6 (b) 2, 1, 6, 5, 3, 4
(c) 6, 5, 3, 4, 1, 2 (d) 3, 1, 4, 5, 6, 2

## दिए गए शब्दों में एक अक्षर लगाकर/हटाकर नए शब्द का निर्माण

**16.** ऐसा एक अक्षर बताइए जिसे पूरी तरह से नए शब्द बनाने के लिए निम्नलिखित शब्दों के बाद लगाया जा सकता है।

HAT BAR BAT PIN BATH

(a) A (b) D (c) B (d) E

**17.** उस अक्षर को पहचानिए, जिसे दिए शब्दों से हटाने पर नए शब्द बनाए जा सकते हों।

MINK, LAMP, TEAM, WARM

(a) R (b) A (c) L (d) M

## अंग्रेजी शब्दों का शब्दकोशानुसार व्यवस्थिकरण

**निर्देश** (प्र.सं.18-21) *निम्नलिखित प्रश्नों में शब्दों को शब्दकोश के अनुसार व्यवस्थित कीजिए और उचित विकल्प को चुनिए।*

**18.** 1. Dissident 2. Dissolve
3. Dissent 4. Dissolute
5. Dissolution
(a) 3, 1, 4, 5, 2 (b) 3, 2, 1, 4, 5
(c) 3, 1, 4, 2, 5 (d) 3, 2, 4, 5, 1

**19.** 1. Tortoise 2. Toronto 3. Torped
4. Torus 5. Torsel
(a) 2, 5, 3, 1, 4 (b) 2, 5, 3, 4, 1
(c) 2, 3, 5, 1, 4 (d) 2, 3, 5, 4, 1

**20.** 1. Leg 2. Led 3. Leo 4. Lee 5. Lei
(a) 1, 3, 5, 2, 4 (b) 2, 3, 1, 4, 5
(c) 2, 4, 1, 5, 3 (d) 2, 4, 1, 3, 5

**21.** 1. Lest 2. Leek 3. Leer 4. Less
5. Lend
(a) 2, 3, 5, 4, 1 (b) 1, 2, 3, 5, 4
(c) 2, 3, 4, 5, 1 (d) 2, 3, 1, 4, 5

**22.** दिए गए शब्दों को अंग्रेजी शब्दकोश के अनुसार व्यवस्थित कीजिए तथा सबसे बाद में आने वाला शब्द ज्ञात कीजिए।

Leaf, Lean, Leave, Less

(a) Lean (b) Leave
(c) Less (d) Leaf

## विगत् वर्षों के प्रश्न

**23.** दिए गए वैकल्पिक शब्दों से, ऐसे शब्द का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित शब्द के अक्षरों का प्रयोग करके न बनाया जा सके।

INTERDEPENDENT

(a) REPENT (b) RETREAT
(c) DEPEND (d) DEEPEN

**24.** सार्थक शब्द बनाने के लिए निम्नलिखित अक्षरों को सुलझाइए और फिर अक्षरों की सही अंकीय स्थिति ज्ञात कीजिए।
**[SSC कांस्टेबल, 2013]**

E S R T A R U N A T
1 2 3 4 5 6 7 8 9 10

(a) 10 2 3 5 1 6 4 7 8 9
(b) 3 1 2 4 5 7 6 9 8 10
(c) 1 3 5 2 9 4 8 6 7 10
(d) 9 1 3 6 2 7 5 4 8 10

**निर्देश** (प्र. सं. 25 और 26) *निम्न प्रश्नों में विकल्पों मे से वह शब्द चुनिए, जो दिए गए शब्द के अक्षरों का प्रयोग करके नहीं बनाया जा सकता।* **[SSC कांस्टेबल, 2012]**

**25.** CELEBRATION
(a) TAILOR (b) ACTION
(c) CREATE (d) BREATH

**26.** COMBINATION
(a) NATION (b) AMBITION
(c) CAUTION (d) MOTION

**निर्देश** (प्र. सं. 27) *निम्नलिखित प्रश्न में विकल्पों में से वह शब्द चुनिए, जो दिए शब्द के अक्षरों का प्रयोग करके नहीं बनाया जा सकता।* **[SSC कांस्टेबल, 2011]**

**27.** ARCHITECTURE
(a) TACT (b) CHAT
(c) TORCH (d) RICH

## उत्तरमाला

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 (d) | 2 (b) | 3 (a) | 4 (a) | 5 (b) |
| 6 (a) | 7 (b) | 8 (d) | 9 (d) | 10 (c) |
| 11 (c) | 12 (a) | 13 (d) | 14 (d) | 15 (c) |
| 16 (d) | 17 (d) | 18 (a) | 19 (c) | 20 (c) |
| 21 (a) | 22 (c) | 23 (b) | 24 (b) | 25 (d) |
| 26 (c) | 27 (c) | | | |

# संकेत एवं हल

**1.** (d) दिए गए अक्षर समूह REMEMBERING से 'GREEN' शब्द ही बनाया जा सकता है अन्य नहीं।

**2.** (b) दिए गए अक्षर समूह 'ARISTOCRATIC' से 'STATIC' शब्द ही बनाया जा सकता है अन्य नहीं।

**3.** (a) दिए गए अक्षर समूह 'CORRESPONDING' से 'DISCERN' शब्द ही बनाया जा सकता है अन्य नहीं।

**4.** (a) दिए गए अक्षर समूह 'ENVIRONMENT' से 'EMINENT' शब्द ही बनाया जा सकता है अन्य नहीं।

**5.** (b) दिए गए शब्द 'BLANDISHMENT' से 'METAL' शब्द ही बनाया जा सकता है अन्य नहीं।

**6.** (a) FICTITIOUSLY शब्द में N नहीं है, इसलिए 'FICTION' शब्द नहीं बनाया जा सकता है।

**7.** (b) GEOGRAPHICAL शब्द में M नहीं है, इसलिए 'GEOGRAM' शब्द नहीं बनाया जा सकता है।

**8.** (d) INVIGILATE शब्द में O नहीं है, इसलिए 'NOVEL' शब्द नहीं बनाया जा सकता है।

**9.** (d) LEMONADE शब्द में B नहीं है, इसलिए 'ADLAMB' शब्द नहीं बनाया जा सकता है।

**10.** (c) MISBEHAVIOUR शब्द में केवल एक बार ही V का प्रयोग हुआ है इसलिए 'HAVVIOUR' शब्द नहीं बनाया जा सकता है।

**11.** (c) अक्षरों को व्यवस्थित करने पर बनने वाला अर्थपूर्ण शब्द

S H A R K
↓ ↓ ↓ ↓ ↓
5 3 2 1 4

**12.** (a) दिए गए शब्द में, C-1 बार, O-2 बार, M-2 बार, I-2 बार, S-2 बार और N-1 बार है।

**13.** (d) दिए गए अक्षरों को व्यवस्थित करने पर अर्थपूर्ण शब्द 'BADMINTON' प्राप्त होता है, जिसका अन्तिम अक्षर N है।

**14.** (d) COTRA → ACTOR
अतः A से प्रारम्भ करने पर सार्थक शब्द ACTOR होगा, जिसका मध्य का अक्षर T है।

**15.** (c) दिए गए अक्षरों को अर्थपूर्ण क्रम में करने पर 'POCKET' शब्द प्राप्त होता है। अंकों को व्यवस्थित करने पर 6, 5, 3, 4, 1, 2 प्राप्त होता है

अर्थात् 6 5 3 4 1 2
↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓
P O C K E T

**16.** (d) विकल्प (d) से,
HATE ; BARE ; BATE ; PINE ; BATHE
अभीष्ट अक्षर = E

**17.** (d) MINK → INK
LAMP → LAP
TEAM → TEA
WARM → WAR
∴ अभीष्ट अक्षर = M

**18.** (a) Dissent (3) ⟶ Dissident (1) ⟶ Dissolute (4) ⟶ Dissolution (5) ⟶ Dissolve (2)

**19.** (c) Toronto (2) → Torped (3) → Torsel (5) → Tortoise (1) → Torus (4)

**20.** (c) Led (2) → Lee (4) → Leg (1) → Lei (5) → Leo (3)

**21.** (a) Leek (2) → Leer (3) → Lend (5) → Less (4) → Lest (1)

**22.** (c) दिए गए शब्दों का अंग्रेजी शब्दकोश के अनुसार क्रम निम्न है
Leaf → Lean → Leave → Less
उपरोक्त से स्पष्ट है कि सबसे बाद में आने वाला शब्द Less है।

**23.** (b) क्योंकि प्रश्न में दिए गए मूल शब्द 'INTERDEPENDENT' में अक्षर R केवल एक बार आया है जबकि शब्द 'RETREAT' में अक्षर 'R' का प्रयोग दो बार हुआ हैं।

**24.** (b) दिए गए अक्षरों से बनने वाला शब्द निम्न है।

R E S T A U R A N T
↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓
3 1 2 4 5 7 6 9 8 10

यह शब्द और इसके अक्षरों की स्थिति विकल्प (b) में है। अतः विकल्प (b) सही उत्तर है।

**25.** (d) दिए गए शब्द CELEBRATION के अक्षरों का प्रयोग करके शब्द BREATH नहीं बनाया जा सकता है क्योंकि दिए गए शब्द के अक्षरों में H नहीं है।

**26.** (c) दिए गए शब्द COMBINATION के अक्षरों का प्रयोग करके शब्द CAUTION नहीं बनाया जा सकता है क्योंकि दिए गए मूल शब्द के अक्षरों में अक्षर U नहीं है।

**27.** (c) दिए गए मूल शब्द 'ARCHITECTURE' में 'O' अक्षर नहीं है। अतः दिए गए मूल शब्द 'ARCHITECTURE' से 'TORCH' शब्द नहीं बनाया जा सकता।